प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार जोरों पर है और दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी प्रत्याशियों के लिए जमकर प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सांसद डॉ सिंकदर कुमार हमीरपुर के भोरंज में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। इसी तरह शिमला जिला के रोहडू में आयोजित होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा नेता जयराम ठाकुर और शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप मौजूद रहेंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मंडी जिला के करसोग में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

मुकेश अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपुमख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर जनहित से जुड़े मुद्दों की बजाय अन्य विषयों पर जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया है। ऊना से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के गारंटी पत्र से भाजपा घबरा गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संघर्ष करने से कभी पीछे नहीं रही है और सबको साथ लेकर चलना ही पार्टी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने लगभग 15 महीने के कार्यकाल में पांच गारंटियों को पूरा किया है और लोगों से किए गए हर वायदे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से घर–घर जाकर सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करने का आहवान भी किया।

जयराम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार के अब तक के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। शिमला जिला के ठियोग में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ये ऐसी पहली सरकार है जो प्रदेश को पीछे धकेलने का काम कर रही है और सत्ता में आते ही कई संस्थानों को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक भी नई योजना नहीं चलाई बल्कि पुरानी योजनाओं को भी बंद कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोगों को हिमकेयर से मिलने वाली सुविधा से भी वंचित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत का दावा किया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। वहीं बीती रात किन्नौर जिला में हल्की बर्फबारी हुई। छितकुल में करीब पांच इंच तक बर्फबारी दर्ज की गई है। जिले में बेमौसमी वर्षा व बर्फबारी से सेब की फ्लावरिंग प्रभावित होने से बागवानों की चिन्ता बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार चार व पांच मई को राज्य में बारिश व बर्फबारी होने के आसार हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर बिजली गिरने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**केंद्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह छह को, स्टूडेंट्स को डिग्री देकर**

सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति। हिमाचल दस्तक लिखता है–**जुब्बड़हट्टी नहीं कल्याणी हेलीपैड पर उतरेंगी राष्ट्रपति–शिमला पहुंचकर सुरक्षा एजेंसियों ने संभाला मोर्चा।**

डीजीपी की नियुक्ति पर अमर उजाला का शीर्षक है–**वरिष्ठता में तीसरे नंबर पर रहे अतुल बने हिमाचल के डीजीपी–संजीव रंजन ओझा और श्याम भगत नेगी को किया गया सुपरसीड।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**हिमाचल में नए पुलिस प्रमुख बने डॉक्टर अतुल वर्मा।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पहले देख रहे थे सीआईडी।**

दैनिक जागरण ने खबर दी है–**आनंद को कांग्रेस टिकट से मुकाबला रोचक।** वहीं दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ सकते हैं, तो आनंद शर्मा कांगड़ा से क्यों नहीं।** जबकि आपका फैसला ने उनके बयान को शीर्षक दिया है–**चार जून को भाजपा को मिल जाएगा जनता का जवाब, धैर्य रखें नेता प्रतिपक्ष।**

हिमाचल दस्तक का कहना है–**सीएम सुक्खू ने अपने सियासी गुरू पर खेला दांव।**

पंजाब केसरी और दैनिक सेवरा टाइम्स की एक जैसी सुर्खी है–**सुधीर शर्मा द्वारा दायर मानहानि के मामले में सीएम सुक्खू को हाईकोर्ट का नोटिस।**

विधानसभा उपचुनाव पर अमर उजाला ने लिखा है–**आज घोषित हो सकते हैं कांग्रेस के प्रत्याशी।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**पहाड़ों में डब्ल्यूडी एक्टिव, बर्फ देखने सिस्सू और कोकसर पहुंच रहे हैं पर्यटक।** आपका फैसला के शब्द हैं–**भरमौर की चोटियों पर हिमपात, कुल्लू में अंधड़ से उड़ीं दुकानों की छतें।** पंजाब केसरी के अनुसार–**आईपीएल मैच पर वर्षा का साया, चार व पांच को यैलो अलर्ट।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार